मुकुल माधव फाउंडेशन ने भेंट की निशुल्क ट्राईसाइकिल

महानगर संवाददाता

जयपुर। जयपुर स्थित एसएमएस अस्पताल के एआरटीसी सेंटर पर मुकुल माधव फाउंडेशन (सीएसआर पार्टनर-फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड) की ओर से नंदा राम को निशुल्क ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। नंदा राम, जो एक दुर्घटना के बाद शारीरिक रूप से अशक्त हो गए और चलने-फिरने की क्षमता खो बैठे थे। उन्होंने अपनी जीवनरक्षक दवाइयां लेना भी बंद कर दिया था। इससे उनकी सेहत गंभीर संकट में थी। ऐसे कठिन समय में मुकुल माधव फाउंडेशन ने सीएससी टीम के सहयोग से न केवल उन्हें ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई ताकि वे हर माह हॉस्पिटल जाकर अपनी दवाइयां ले सकें, बल्कि उन्हें पुनः हॉस्पिटल सेंटर से जोड़ा और उपचार शुरू करवाया। इस अवसर पर एसटीआई एवं सीएसटी उप निदेशक डॉ. शेफाली चौधरी, सीएसटी, आरएसएसीएस संयुक्त निदेशक डॉ. विजय सैनी, एआरटीसी नोडल ऑफिसर डॉ. अभिषेख अग्रवाल, एआरटीसी एसएमओ डॉ. अनिल सक्सेना, एआरटीसी एमओ डॉ. अनिल उडावत, एआरटीसी काउंसलर देवेन्द, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव जैन तथा मुकुल माधव फाउंडेशन के दयाराम स्वामी मौजूद रहे।